प्रादेशिक समाचार

दिनांक–16.11.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. 20 नवंबर को होने वाले दूसरे चरण के मतदान के लिए एनडीए और इंडी गठबंधन के नेताओं का धुआंधार चुनाव प्रचार।
2. भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज दुमका, मधुपुर और धनवार में चुनावी सभाओं को करेंगे संबोधित।
3. कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जामताड़ा और रांची के खिजरी विधानसभा क्षेत्र में करेंगे चुनाव प्रचार।
4. ओड़िशा में चल रही पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय महिला हॉकी के सेमीफाइनल लीग में रांची विश्वविद्यालय की टीम ने पूर्वांचल विश्वविद्यालय को 5–3 से हराया।

****************

झारखंड में 20 नवंबर को होने वाले दूसरे चरण के मतदान के लिए एनडीए और इंडी गठबंधन के नेताओं का धुआंधार चुनाव प्रचार जारी है।

****************

झारखंड में लोगों का समर्थन जुटाने के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और इंडिया गठबंधन के नेताओं के बीच आरोपों–प्रत्यारोपों का दौर जारी है। धनबाद के टुंडी में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता राजनाथ सिंह ने आरोप लगाया कि भ्रष्ट हेमंत सोरेन सरकार ने झारखंड की छवि धूमिल की है।

****************

वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा की आलोचना करते हुए कहा कि केवल संविधान ही झारखंड के गरीब और जनजातीय लोगों के हितों की रक्षा कर सकता है। बोकारो के बेरमो में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए श्री गांधी ने लोगों से राज्य के विकास को बढावा देने के लिए इंडिया गठबंधन के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

****************

देवघर में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए वरिष्ठ राष्ट्रीय जनता दल नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने भाजपा पर धर्म और जाति के नाम पर समाज को बांटने का आरोप लगाया। वरिष्ठ भाजपा नेता शिवराज सिंह चौहान, हिमंत बिस्वा सरमा और चंपई सोरेन ने भी दुमका, पाकुड़ और जामा में चुनावी रैलियों को संबोधित किया। ऑल झारखंड स्टुडेंट्स यूनियन और वामपंथी दलों के नेताओं ने भी राज्य के विभिन्न हिस्सों में चुनावी रैलियों को संबोधित किया और रोड शो किए।

****************

भाजपा के चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने देवघर में कहा कि राज्य में एनडीए की सरकार बनने के बाद घुसपैठियों को बाहर किया जायेगा।

****************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने जामा में चुनावी सभा के दौरान कहा कि राज्य में साढ़े चार साल तक सिर्फ भ्रष्टाचार हुआ है। हेमंत सरकार में रहकर उन्होंने बहुत बार भ्रष्टाचार को रोकने की कोशिश की, लेकिन किसी ने नहीं सुनी। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद वे पांच महीने तक मुख्यमंत्री रहे और इस दौरान विकास और जनकल्याण कार्य किये गये। मंइयां सम्मान और 200 यूनिट बिजली फ्री योजना को उन्होंने ही पास किया। श्रीसोरेन ने कहा कि बतौर मुख्यमंत्री पांच महीने में उन्होंने जो काम किया वह हेमंत के साढ़े चार साल के कार्यकाल पर भारी है।

****************

झामुमो के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नाला में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए एनडीए पर जमकर निशाना साधा। श्री सोरेन ने कहा कि भाजपा के लोग सिर्फ धर्म और घुसपैठियों की बात करते हैं।

****************

झारखंड विधानसभा चुनाव के राजनीतिक परिदृश्य पर आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृखंला में आज बात होगी रांची जिले की सिल्ली और खिजरी विधानसभा सीटों की जहां दूसरे चरण में 20 नवंबर को मतदान होना है।

****************

झारखंड में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए प्रचार अभियान तेज हो गया है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन –एनडीए और इंडिया गठबंधन के बड़े नेता अपने–अपने उम्मीदवारों के पक्ष में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह दुमका, देवघर और धनवार में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। वहीं, दूसरी ओर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जामताड़ा और खिजरी में चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे। झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता और राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पूरे राज्य में आज छह रैलियों को संबोधित करेंगे। राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव गोड्डा में जनसभा को संबोधित करेंगे। अभिनेता से नेता बने मिथुन चक्रवर्ती दुमका और जामताड़ा में रैलियां करेंगे। भारतीय जनता पार्टी के कई नेता शिवराज सिंह चौहान, हिमन्ता बिस्व सरमा और चंपाई सोरेन एनडीए उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार करेंगे। ऑल झारखंड स्टूडेंट यूनियन पार्टी और वाम दलों के नेता भी राज्य के विभिन्न भागों में रैलियां और रोड शो करेंगे। विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण में 20 नवम्बर को 38 सीटों के लिए वोट डाले जाएंगे। 23 नवम्बर को मतगणना होगी।

****************

ओड़िशा के संबलपुर में चल रही पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय महिला हॉकी प्रतियोगिता के सेमीफाइनल लीग मैच में रांची विश्वविद्यालय की टीम ने पूर्वांचल विश्वविद्यालय को 5–3 से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया है।

****************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 6640 करोड़ की आदिवासी कल्याण परियोजनाओं के लोकापर्ण की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हवाले से लिखा है– आदिवासी समाज को इतिहास में वह जगह नहीं मिली, जिसका वह हकदार था।

हिंदुस्तान के शब्द हैं– आदिवासियों की पढ़ाई, दवाई और कमाई का हो रहा प्रबंध।

दैनिक जागरण ने श्रीमोदी के बयान को शीर्षक बनाया है कि आजादी की लड़ाई आदिवासियों ने लड़ी, उनके योगदान को मिटाने की कोशिश हुई।

अंग्रेजी अखबार हिंदुस्तान टाइम्स लिखता है– प्रधानमंत्री ने 6640 करोड़ की आदिवासी कल्याण परियोजनाओं का अनावरण किया।

दैनिक भास्कर गोड्डा में राहुल गांधी की चुनावी सभा की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया ने हेमंत सोरेन के हवाले से लिखा है कि भाजपा संथाल परगना को केंद्र शासित प्रदेश बनाना चाहती है।

**************